## संक्षिप्त

### बंधक बना श्रमिक के साथ मारपीट

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने फेक्ट्री मालिक के खिलाफ जातिगत गाली गलौज कर श्रमिक को बंधक बना मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गणेश पुत्र केसर मीणा निवासी फला नठारा सराड़ा सलूम्बर ने मादड़ी इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित ओस्तवाल इंडस्ट्रीज मालिक हरीश ओस्तवाल तथा विक्रम सिंह झाला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 21 जनवरी को मैं मशीन पर काम कर रहा था। इस दौरान आए आरोपियों ने मुझे कमरे में बंधक बना जातिगत गाली गलोज करते हुए मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार गत दिनों सुखेर थाना क्षेत्र एकलिंगगढ होटल की तरफ जाते समय बीच रास्ते में हुए सडक हादसे में घयल दलिचंद पवुत्र कूका उर्फ धुपा गमेती निवासी ीमावतों की भागल सरे खुर्द की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसका एएसआई हिम्मतनाथ ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया। इस दौरान साथी पुष्कर गमेती भी घायल हो गया था। इसी तरह अन्यत्र गत दिनों ट्रक की टक्कर से घयल बाइक सवार हेमन्तीबाई पत्नी रामलाल गमेती निवासी मेहरों का गड़ा की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस पर हेडकांस्टेबल नारायणसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### उदयपुर में जलापूर्ति रहेगी बाधित

**उदयपुर,** (कासं)। धुलकोट पंप हाउस पर वाल्व खराब हो जाने के कारण नगर उपखंड सप्तम से शुक्रवार को होने वाली जलापूर्ति को एक दिन आगे बढाया गया है। सहायक अभियन्ता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि बोहरा गणेश जी उच्च जलाशय तथा डायरेक्ट सप्लाई के अंतर्गत आने वाले मांडल तलाई, वर्धमान नगर, ओस्तवाल नगर, शिव चौक, स्कूल वाली गली, भोमिया जी गली,आयड़, सोनी जी का बाड़ी, खटीकवाड़ा, नाम द्वारा चौक, गड़बड़ा गली, छीपा मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति को एक दिन आगे बढाया गया है।

### मछली, जाल, क्रेट व नावें जब्त

**राजसमन्द,** (निसं)। जिले के भीम क्षेत्र स्थित बारला चौड़ा तालाब पर मत्स्य विभाग के निरीक्षण दल द्वारा अवैध मत्स्याखेट के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। मत्स्य विकास अधिकारी शीतल नरुका ने बताया कि निरीक्षण दल ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पकड़ी गई लगभग 400 किलो मछली, 24 थर्माकोल क्रेट, फसला जाल एवं दो नावें जब्त कीं। कार्रवाई के दौरान निरीक्षण दल के मौके पर पहुंचते ही अवैध मत्स्याखेट में संलिप्त अज्ञात व्यक्ति फरार हो गए। इस कार्रवाई में पुलिस विभाग का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे अवैध मत्स्याखेट पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सका। जिला मत्स्य अधिकारी के निर्देशन में गठित निरीक्षण दल में मत्स्य क्षेत्रीय कार्मिकों के साथ भीम थाना पुलिस का सहयोग रहा। पुलिस जाप्ता मौके पर उपलब्ध रहने से संपूर्ण कार्रवाई सुचारू रूप से संपन्न हुई। मत्स्य विभाग द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

### जिला संयोजक बने पाटीदार

**डूंगरपुर,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. सीपी जोशी की सहमति से डूंगरपुर जिलाध्यक्ष गणेश घोघरा ने गुरुवार को आदेश जारी कर डूंगरपुर जिले में मनरेगा बचाओ अभियान की 15 सदस्यों की जिला समन्वय समिति बनाई है। जिसमें जिला संयोजक के पद पर वरिष्ठ नेता व पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार को बनाया गया है और सदस्य के रूप में राकेश रोत,कैलाश रोत,सुरेश भोई आदि को बनाया गया है।

### मंदिर से दानपात्र चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। गोवधन विलास थाना क्षैत्र दिनदयाल नगर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आया बदमाश भगवान के दर्शन करने के बाद मौके पर पड़ा दानपात्र उठा कर थेले में रख कर फरार हो गया।

# 'श्रमिकों के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगा वीबी जी रामजी अधिनियम'

**उदयपुर,** (कासं)। जनजातिक क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी ने कांग्रेस द्वारा लागू मनरेगा कार्यक्रम में कथित सुधारो का विवेचना करते हुए विकसित भारत जी राम जी बिल 2025 के ग्रामीणों को होने वाले फायदे को गिनाते हुए कहा कि यह ग्रामीण रोजगार की गारंटी लेते हुए श्रमिकों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

खराडी गुरुवार को विकसित भारत -जी राम जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार व आजीविका मिशन) ग्रामीण) बिल 2025 विषय के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी देहात जिला उदयपुर द्वारा कांग्रेस की ओर से फैलाए जा रहे भ्रम को खत्म करने को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस को महानरेगा योजना के नाम के परिवर्तन से नहीं बल्कि भगवान राम के नाम से आपत्ति है। केंद्र सरकार ने इस योजना में कई बदलाव किए हैं। पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था लेकिन अब 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है इसके अलावा पंचायत में अब विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत पक्के के निर्माण कार्य करवाए जाएंगे, इससे वहां का विकास तेजी से होगा।

उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने विकसित भारत जी राम जी की विस्तृत विवेचना करते हुए कहां की इस योजना में न्यूनतम 100 दिन बढते हुए 125 दिन कीये जिसका प्रत्यक्ष फायदा मिलेगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा कार्य पद्धति को बताते हुए कहा कि यह योजना सबका साथ सबका विकास को प्रतिबिंबित करती है, महात्मा गांधी ने भी राम राज्य की परिकल्पना की उसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार यह बिल् लाई, न्यूनतम 125 दिन, डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर, साप्ताहिक भुगतान के साथ ही विलंब होने पर पेनाल्टी का प्रावधान, पारदर्शी जॉब कार्ड, बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम, रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ ही,एआई से निगरानी रखी जाएगी।

उन्होंने बताया कि हर ग्राम स्तर पर योजना बनाकर पोर्टल पर अपलोड होगी, गांव का वर्गीकरण,क्च व ष्ट जिससे सर्वव्यापी विकास की संभावना बढती है, योजना में ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण, स्कूल, औषधालय, भंडार गृह जैसे स्थाई निर्माण की स्वीकृति भी होगी, क्षत्रिय रोजगार पर ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना को कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टी द्वारा जनता में भ्रम फैलाया जा रहा है जबकि मनरेगा से कहीं अच्छी योजना है, पूर्ववर्ती सरकारों में कई अनियमिताए व गबन की शिकायत आई जो करीब 10 लाख है।

डॉ रावत ने यह भी कहा कि योजना में जिस तरह से बदलाव किए गए हैं उसके बाद भ्रष्टाचार नहीं होगा लेकिन इससे पहले होने वाले भ्रष्टाचार पर लगाम लगने से जहां-जहां पर कांग्रेस या फिर विपक्षी दलों की सरकार है उनको भारी परेशानी हो रही है।

रावत में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर निशान चाहते हुए कहा कि अब उनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार आगे नहीं हो पाएंगे ऐसे में वह पुरजोर तरीके से विरोध कर रही है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा सही होने से अब लोगों को रोजगार की गारंटी मिलेगी और रोजगार नहीं मिलने पर प्रत्येक माह 15 दिन का बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

# ईमानदारी का दिया परिचय, नकदी लौटाई

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर के नया बस स्टैंड पर दो पखवाडे पूर्व एक दंपत्ति के रुपयों से बाहर पर्स कही गिर गया था,जिस पर उन्होंने बस स्टैंड चौकी पर सूचना दी थी।

शहर कोतवाल अजयसिंह राव ने बताया कि 2 जनवरी को घटाऊ निवासी जवाहर पुत्र कालू कटारा एवं पत्नी कलावती जवाहर कटारा नया बस स्टैंड रोड पर रुपयों व दस्तावेजों से भरा बैग गिर गया था जिसमें दस हजार से अधिक की राशि थी। कोतवाली पुलिस के कांस्टेबल विकेंद्र सिंह राव तथा राजवीर सिंह चौहान को यह बैग मिला था जिसपर दंपत्ति को कोतवाली थाना बुलाकर सत्यापन के बाद उन्हें लौटा दिया दोनों पति पत्नी ने पुलिस का आभार जताया।

# गीतांजली में फ्रेशर्स पार्टी जेनेसिस का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, उदयपुर ने अपने नए सत्र 2025-26 के लिए फ्रेशर्स पार्टी जेनेसिस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को कॉलेज के वातावरण में सहज और आत्मविश्वासी महसूस कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. पल्लव भटनागर के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि और गीतांजलि विवि के सीओओ ऋषि कपूर और सीएफओ रोशन जैन ने दीप प्रज्वलित किया।

गीतांजली में फ्रेशर्स पार्टी में दीप प्रज्जवलन करते अतिथि।

इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य और गायन शामिल थे। नए छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के खिताब भी प्रदान किए गए, जिन्हें क्रमशः करण सिंह और कशिश मोची ने प्राप्त किया। कॉलेज के संकाय सदस्यों ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन और कॉलेज जीवन का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मनरेगा कानून बदलने का विरोध किया

**कानोड़,** (निसं)। पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ महासंग्राम अभियान का कानोड तहसील क्षेत्र की आकोला, सारगपुरा कानोड, पीथलपुरा, लुणदा, अमरपुरा जागीर ग्राम पंचायत सहित कानोड नगरपालिका क्षेत्र में पैदल मार्च व प्रर्दशन कर केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार पर तीखे कटाक्ष कर मनरेगा कानुन बदलने का पुरजोर विरोध प्रकट किया।

इस दौरान सभी जगहों पर आमजन को सम्बोधित करते हुए पुर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत द्वारा केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की केन्द्र की मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर गरीब ग्रामीण व्यक्तीयों के अधिकार को छीन रही है। पंचायत व नगरपालिका क्षेत्र में पैदल मार्च कर आम लोगों मे जनजागरण का कार्य किया पैदल मार्च में कार्यकर्ताओ ने सभी जगह पर केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत ने पैदल मार्च में कहा कि केंद्र सरकार अगर कानुन मे वापस बदलाव नही करेगी तो काग्रेस द्वारा विशाल आंदोलन किया जायेगा। सरकार पर आरोप लगाए कि सरकार योजनाओ के खाली नाम बदलकर कर वाहवाही लुट रही हे इस सरकार मे किसान मजदूर श्रमिक सभी पीडति हो रहे।

पैदल मार्च में मंडल अध्यक्ष हींता सम्पत सुथार, मोतीदा मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह शक्तावत, लुणदा मण्डल अध्यक्ष वालु राम गायरी, पुर्व सरपंच दिनेश चौधरी, भेरु लाल रावत, प्रकाश सुथार, अर्जुन मेघवाल, विधानसभा अध्यक्ष गोपाल जाट, पुर्व प्रधान करण सिंह कोठारी, कानोड नगर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष रांका, पुर्व पार्षद गोपाल खटीक आदि मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

**मंडफिया,** (निसं)। श्री सांवलिया जी मंदिर बोर्ड मंडफिया के तीन बार अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मंडफिया के दो बार सरपंच रहे कन्हैया लाल वैष्णव पुत्र तुलसीदास वैष्णव की जयंती पर उनकी स्मृति में 22 जनवरी गुरुवार को कस्बे में दो दिवसीय जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ, करोली में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण, पेयजल व्यवस्था का शिलान्यास कार्यक्रम भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के मुख्य अतिथि में, जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी की अध्यक्षता में एवं विशिष्ट अतिथि चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, सांवलिया जी मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारीदास वैष्णव एवं बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित हुए। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियो के द्वारा भगवान श्री सांवलिया जी सेठ की तस्वीर एवं स्वर्गीय पूर्व अध्यक्ष कन्हैया दास वैष्णव की तस्वीर पर फूल माला पहनाकर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिले की 8 प्रमुख टीमें भाग ले रही है व प्रथम विजेता टीम को 21 हजार एवं द्वितीय उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया।


**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम उषा मंत्री से बदल कर उषा आगाल रख लिया है मुझे भविष्य मे उषा आगाल के नाम से ही जाना पहचाना जाये

मेरा पता-
उषा आगाल पत्नी शार्दुल आगाल, पुरोहित वाडी, सलुम्बर,
जिला- सलुम्बर ( राज. )



(प्रपत्र संख्या-7)(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)**

**नोटिस**

पत्रावली संख्या:-173/2025/4347
दिनांक-4/12/25

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियो का

चूंकि श्री प्रमोद कुमार झॅवर, अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा -17 (2) के अन्तर्गत मारूति सेवा समिति, 136, रूप नगर, हिरणमगरी सेक्टर-3, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में पंजीयन किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अत: एव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे , इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60(साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो, प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 4/12/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आगामी पेशी तारीख 6/02/26 की रखी गयी है।

मुहर (जतीन कुमार गाँधी) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर


# कार में तोड़फोड़ करने वाले तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने चोरी करने के लिए कार में तोड़फोड़ करने के बाद तालाब में कूद कर भागे तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 21 जनवरी को लक्ष्मणराम निवासी जोगी तालाब ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कि 21 जनवरी तडके में मकान के बाहर वाहनों की आवाजाही की आवाज सून कर जाग होने पर पत्नी के साथ छत पर जाकर देखा तो कार में सवार बदमाश कार चोरी का प्रयास कर रहे थे सायरन बजने से लोग जागे। इस दौरान लाईट लगाने पर बदमाशों ने घर पर बीयर की बोतल व पत्थर फैंकना शुरू कर बाहर खड़ी कार के कांच भी फोड़ दिए। मौके पर पहुंची पुलिस से बातचीत करने पर दोबारा बदमाशों की कार आने पर गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। तो कार जोगी तालाब से हाईवे पर आकर प्रतापनगर की तरफ भागे। बीच रास्ते में टायर फटने से कार को सविना रूण्डेडा तालाब की तरफ ले गए। जहां किनारे पर कार खड़ी कर तालाब में कूद फरार हो गए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर प्रतापनगर थाना क्षैत्र बेडवास से ईश्वरसिंह निवासी महेन्द्रसिंह निवासी सल्लाड़ा अम्बावतपुरा सराड़ा सलूम्बर तथा संदीप कुमार निवासी नटास गुड गौडजी झुझुनु को डिटेन किया।

# जीप ड्राइवर उड़ा रहे आरटीओ नियमों का खुलेआम मखौल

■ क्षमता से अधिक सवारियां लाद कर ले जा रहे

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में आदिवासी बहुल कोटडा इलाके में जीप ड्राइवर आरटीओ नियमों का खुलेआम मखौल उड़ा रहे हैं लेकिन आरटीओ इन पर कोई नियमित कार्रवाई नहीं करता।

जीप 7 सीटर होने के बावजूद ड्राइवर इसमें 25 से 30 सवारियां ठूंस.ठूंसकर बैठाते हैं। जीप के बोनट से लेकर जीप की छत और पीछे तक यात्रियों का झुंड दिखना यहां आम बात है।इतना ही नहीं ड्राइवर सीट के दायें और बायें खिड़की पर यात्री लटके होते हैं। कई बार यात्रियों की झुंड में दूर से जीप नजर तक नहीं आती। ये हालात यहां दशकों से हैं। एक दिन पूर्व हुई दुर्घटना के दूसरे दिन गुरुवार को यहां आरटीओ की कोई सख्ती नहीं दिखी। ओवरलोड जीप धडल्ले से चार गुना सवारियां बैठाकर दौड रही है।

मामले में कार्यवाहक जिला परिवहन अधिकारी मुकेश डाड का कहना है कि उनके पास स्टाफ है और कोटडा की यहां से दूरी ज्यादा है। ऐसे में नियमित कार्रवाई नहीं हो पाती। उनसे पूछा कि कोटडा में एक दिन पूर्व बेकाबू हुई ओवरलोड जीप की फिटनेस और इंश्योरेंस थे या नहीं। इस पर वे बोले.व्यस्तता के कारण उन्हें पता करने का समय नहीं मिला। शुक्रवार को वे इस संबंध में पता कर रिपोर्ट बनाएंगे।

कोटडा.उदयपुर रोड पर मात्र 2 बसों का संचालन भी इसकी एक बडी वजह है। ऐसे में यात्रियों को मजबूरन जीप में सफर करना पड रहा है। घने जंगल के बीच होकर यह रास्ता गुजरता है ऐसे में यहां जीप के अलावा अन्य साधन भी नहीं चलते। आर्थिक रूप से यह आदिवासी बहुल इलाका बेहद पिछडा है। ज्यादातर लोग शहर में मजबूरी या अन्य काम करने आते हैं।


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email:np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph.02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./26/16861 दिनांक : 20/01/2026

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती लक्ष्मी लोढ़ा पत्नी श्री सुधीर लोढ़ा निवासी- नाथद्वारा, | भूखण्ड संख्या-1 ए क्षेत्रफल-1570.61 वर्गफिट , श्रीनाथ पुरम-2 भलावतो का खेडा नाथद्वारा | 60 फिट | बंगला-1 बी | 30 फिट | अन्य कृषि भूमि |
| 2 | श्री दिव्यन कावड़िया पिता श्री भूपाल सिंह कावड़िया निवासी-उदयपुर | भूखण्ड संख्या-82 क्षेत्रफल-1500 वर्गफिट, मोहन विहार, बागोल रोड़, नाथद्वारा | 30 फिट | भूखण्ड संख्या-75 | भूखण्ड संख्या-83 | भूखण्ड संख्या-81 |

आयुक्त
नगर पालिका नाथद्वारा


# माइनस 30 डिग्री में 23 हजार फीट ऊंची चोटी पर चढ़ी उदयपुर की मनस्वी

■ बर्फीले पहाड़ पर तिरंगा लहराया

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर की पर्वतारोही मनस्वी अग्रवाल ने 7 हजार मीटर (करीब 23हजार फीट) ऊंची चोटी अकोन्कागुआ पर भारतीय तिरंगा फहराया है। इस उपलब्धि के साथ मनस्वी अग्रवाल, राजस्थान की अर्ध सैनिक बल में कार्यरत पर्वतारोही गीता सामोता के बाद अकोन्कागुआ शिखर पर पहुंचने वाली राज्य की दूसरी महिला बन गई हैं।

आपको बतादें कि मानसी ने पिछले महीने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी श्विन्सन मैसिफश् को फतह कर राजस्थान के प्रथम पर्वतारोही बनी थी। एशिया के बाद शेष छह महाद्वीपों में अकोन्कागुआ सर्वाधिक ऊंचाई वाली चोटी है जहां 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली भीषण ठंडी हवाएं और माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक गिरता तापमान पर्वतारोहियों की असाधारण परीक्षा लेता है।

इन प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण मनस्वी के साथ गए विश्वभर के 22 पर्वतारोहियों में से मात्र 12 ही इस अभियान में सफल हो सके। मनस्वी अग्रवाल अंटार्कटिका अभियान को 23 दिसंबर 2025 को पूर्ण करने के बाद भारत भी नहीं लौटी थी।15 दिन से भी कम दिन के अंतर मेंए 9 जनवरी 2026 को अकोन्कागुआ के लिए फिर से पर्वतारोहण मिशन प्रारंभ कर दिया। जो अपने आप में हैरत की बात है। इतने अल्प समय में दो अत्यंत कठिन अंतरमहाद्वीपीय अभियानों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना उनकी अद्वितीय मानसिक दृढताए शारीरिक क्षमता और अनुशासन का प्रमाण है।

# प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर होंगे शिविर

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिले के प्रत्येक गिरदावर वृत्त में ग्राम-2026 (ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026) शिविरों का आयोजन शुक्रवार से होगा। शिविर के आयोजन व व्यवस्थाओं के लेकर जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने वीसी कक्ष में बैठक ली और संबंधी अधिकारियों से शिविर संबंधी की जाने वाली तैयारियों व कार्यो के बारे में विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिये।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेद्वी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल लाल स्वर्णकार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश बसेर, बांसवाडा उपखण्ड अधिकारी सोनु कुमारी मान, माही परियोजना के अधीक्षण अभियन्ता आर सी मीणा, कृषि विभाग के सयुक्त निदेशक कैलाश चन्द्र मीणा, सहकारी समिति उप रजिस्ट्रार योगेन्द्र सिंह, बैक प्रबंधन निदेशक परेश पण्डया, उद्यान विभाग के सयुक्त निदेशक दलसिंह गरासिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारीयों, तहसीलदारों व विकास अधिकारियों को निर्देश दिये।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा**

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/भूमि./2026/16955 दिनांक : 22/1/2026

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम-निचली ओडन के आराजी संख्या-686 में रकबा 13-05-00 बीघा भूमि जो कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा के आदेश क्रमांक /न.पा.नाथ./2023/90 ए/20953 दिनांक 03.03.2023 से राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90:क (सुओ-मोटो) अन्तर्गत संपरिवर्तित होकर कार्यालय वरिष्ठ नगर नियोजक उदयपुर-जोन, उदयपुर के पत्रांक:यूडीआर/1628/नाथद्वारा/904 दिनांक 24.12.2025 से चाणक्य नगर योजना नाम से ले-आउट प्लान अनुमोदित है, निम्नांकित आवेदको द्वारा प्रार्थना-पत्र, सहमति-पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त योजनान्तर्गत निम्नानुसार भूखण्डों का पट्टा प्राप्त करने हेतु पालिका में आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | भूखण्ड संख्या |
|---|---|---|
| 1 | श्री योगेश रमेश बागरेचा पिता श्री रमेश बागरेचा निवासी बी-05 शिवगंगा अपार्टमेन्ट झरेव रोड़ जैन मन्दिर के पास, मुलुण्ड पश्चिम मुम्बई | 111ए,111,112,113,128ए,128,138 से 154 तक, 159 से 161 तक, 186 से 190 तक। |
| 2 | श्री चन्द्रकान्त शर्मा पिता श्री मदनगोपाल शर्मा निवासी नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.) | 111 बी, 125, 129 से 137 तक, 162 से 164तक, 177 से 185 तक, 188, 189, 191 से 194तक |
| 3 | श्री सुभाष सामोता पिता श्री शंकरलाल सामोता निवासी बस स्टेण्ड नाथद्वारा, जिला-राजसमंद (राज.) | 114 से 124 तक, 126 , 127,155 से 158 तक, 165 से 176 तक। |

उक्त आवेदन के संबन्ध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो ता सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरण में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा


## जादूगर सम्राट शाका का शो आज से

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में पंजाब के मशहूर जादूगर सम्राट शाका का जादूई शो पहली बार शुरू होने जा रहा है। इसमें उदयपुर की जनता को कई हैरतअंगेज, अद्भुत और नायाब करिश्मो से भरपूर मनोरंजन किया जाएगा।

जादूगर शाका ने बताया कि जादू शो अटल सभागार, हिरण मगरी में 23 जनवरी से शुरू होगा। अपने हैरतअंगेज और मनमोहक करतबों से देश-विदेश में लोगों को चकित और आनंदित करने वाले पंजाब के सुपर स्टार जादूगर शाका नये-नये जादूई करतब लेकर आया है। जादू हमारे देश की प्राचीनतम कला है जिसे आज संरक्षण की आवश्यकता है और इंटरनेट के इस युग मे लोगों को पारंपरिक मनोरंजन करना हमारा मकसद है। उन्होंने बताया कि अच्छे जादुई शो कार्यक्रमों को आज भी लोग लाइव देखना पसंद करते है। जादूगर शाका अब तक कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित और बिल्कुल नए अंदाज में 7 हजार से भी ज्यादा शो प्रस्तुत कर अपनी एक खास पहचान बना चुके है। जादू एक कला है, तंत्र, मंत्र,भूत, प्रेत से इसका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है।

# एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। भूपाल नोबल्स विवि एवं आईयूएसी के संयुक्त तत्वाधान में भौतिकी और पदार्थ विज्ञान में उन्नत अनुसंधान के अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संस्थान के सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यशाला अध्यक्ष प्रो. रेणू राठौड ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा कॉन्फ्रेंस निदेशक प्रो. रितु तोमर ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत कर कार्यशाला का उद्देश्य बताया।

भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पारीक ने कहा कि एक्वाइनटेंस वर्कशॉप का उद्देश्य अकादमिक समुदाय को आईयूएसी में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं, नवीनतम विकास और अग्रणी अनुसंधान कार्यक्रमों से परिचित कराना है साथ ही संकाय सदस्यों और पीएचडी छात्रों को आईयूएसी में सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रयोग परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य संरक्षक प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने नवाचार और परिवर्तन की और ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले रिसर्च से ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा,संचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में क्रांति आती है जो नई प्रौद्योगिकी जैसे लेजर,सौर ऊर्जा, स्मार्टफोन आदि के विकास तथा वैश्विक चुनौतियों (जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा) को हल करने और ब्रह्मांड के मूलभूत रहस्यों को समझने में मदद करने के साथ ही विश्लेषणात्मक कौशल और भविष्य के लिए व्यापक अवसर प्रदान करती है। मुख्य अतिथि डॉ संजय केडिया वैज्ञानिक प्नब, नई दिल्ली ने श्ओवरव्यू ऑफ द एग्जिस्टिंग एक्सीलरलर्स एंड मैटीरियल्स साइंस रिसर्च विद प्वद ठमंउेश् पर विस्तृत चर्चा की।, विशिष्ट अतिथि डॉ जी आर उमापथी ने एक्सीलेटर न्यूक्लियर फिजिक्सश् पर विस्तृत प्रकाश डाला।

भौतिकी और पदार्थ विज्ञान में उन्नत अनुसंधान के अवसर फर विषय कार्यशाला आयोजित हुई।

इस अवसर पर कार्यशाला के सहसंरक्षक मोहब्बत सिंह, वित्त मंत्री शक्ति सिंह कारोही, विप्रस सदस्य महेंद्र सिंह पाखंड, नवल सिंह चुंडावत, चंद्रवीर सिंह करेलिया, प्रो. प्रेम सिंह रावलोत, सेवानिवृत्त प्रो. केपी तल